# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## फरवरी-अप्रैल, 2008 सत्र

### सोमवार, दिनांक 3 मार्च, 2008

### तारांकित प्रश्नोत्तर

[ दिनांक 25 फरवरी, 2008 की प्रश्नोत्तर सूची का स्थगित ता. प्र. सं. 1 (*क्र. 27) ]

रायगढ़ जिले में विभिन्न अपराधों के दर्ज प्रकरणों पर कार्यवाही

1. (*क्र. 27) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले में थानावार मौत, हत्या का प्रयास, दहेज प्रताड़ना, बलात्कार, डकैती, लूट एवं चोरी के कितने-कितने प्रकरण 2006-2007 एवं 2007-2008 में दिनांक 31-1-08 तक दर्ज हुए हैं ? (ख) उपरोक्त में से थानावार कितने प्रकरणों में अपराधी पकड़े गये ? कितने चालान पेश हुए तथा कितने प्रकरणों में 31-1-08 तक अपराधी नहीं पकड़े गये हैं ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) रायगढ़ जिले में मौत, हत्या का प्रयास, दहेज प्रताड़ना, अपहरण, बलात्कार, डकैती, लूट एवं चोरी के वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में 31-1-08 तक दर्ज थानावार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है. (ख) रायगढ़ जिले में वर्ष 2006-07, 2007-08 में 31-1-08 तक पकड़े गये अपराधी, चालान पेश हुए तथा अपराधी नहीं पकड़े गये हैं की थानावार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में है.

मुख्य तकनीकी परीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन पर कार्यवाही

1. (*क्र. 511) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) डामर कांड का जांच प्रतिवेदन मुख्य तकनीकी परीक्षक ने शासन को कब सौंपा ? (ख) जांच प्रतिवेदन में कौन-कौन अधिकारी दोषी पाये गये तथा उनमें से कौन-कौन सेवा निवृत्त हो चुके हैं ? (ग) शासन द्वारा दोषियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) लोक निर्माण विभाग को दिनांक 18-11-2005 को. (ख) जांच प्रतिवेदन में किसी भी अधिकारियों को नामजद दोषी होने का उल्लेख नहीं किया गया है. (ग) प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है.

बलौदाबाजार रिसदा हथबंद मार्ग के निर्माण हेतु प्रारंभिक सर्वेक्षण

2. (*क्र. 764) **श्री गणेशशंकर बाजपेयी :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या बलौदाबाजार से रिसदा हथबंद मार्ग के निर्माण हेतु प्रारंभिक सर्वेक्षण विभाग द्वारा कराया गया है ? (ख) यदि हां, तो कब एवं कार्य कब तक प्रारंभ कराया जायेगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) जी हां. (ख) कार्यादेश दिनांक 17-12-2007 को जारी किया गया है.

धमधा विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत पुलों की स्थिति

3. (*क्र. 394) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) धमधा विधान सभा क्षेत्र में धमधा के नजदीक शिवनाथ नदी एवं आमनेर नदी पर खिलौराकला के पास पुल की स्वीकृति कब एवं कितनी लागत से की गई तथा पूर्ण करने की समयावधि क्या है ? (ख) क्या धमधा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम-दनिया, नंदकट्ठी, अकोला, बाना एवं तुमाखुर्द के पास पुल निर्माण के कार्य स्वीकृत हैं ? यदि

हां, तो कितनी-कितनी राशि का है, क्या इन कार्यों की निविदा हो चुकी है. यदि हां, तो किन-किन ठेकेदारों को यह कार्य दिया गया है ? (ग) उक्त कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) (1) शिवनाथ नदी सेतु की प्रशासकीय स्वीकृति राशि 294.20 लाख एवं दिनांक 02-09-2002 है. पूर्णता तिथि माह दिसम्बर 2008 है. (2) आमनेर नदी सेतु की प्रशासकीय स्वीकृति राशि 142.41 लाख एवं दिनांक 02-05-2003 है. पूर्णता तिथि माह मार्च 2008 है. (ख) जी हां, मात्र नंदकट्ठी दनिया मार्ग पर शिवनाथ नदी सेतु निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति राशि 300.98 लाख की है. निविदा की कार्यवाही प्रचलित है. (ग) निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है.

नक्सलाइट क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों की न्यूनतम ड्यूटी अवधि

4. (*क्र. 1181) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या भारतीय पुलिस सेवा एवं राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के लिए नक्सलाइट प्रभावित इलाकों में ड्यूटी पर तैनात करने के लिए न्यूनतम अवधि तय की गई है ? यदि हां, तो कितनी ? (ख) तय अवधि के तहत् भारतीय पुलिस सेवा एवं राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ड्यूटी की है तथा कितनों ने नहीं की ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) 1. **भारतीय पुलिस सेवा** - भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के लिए नक्सलाइट प्रभावित इलाकों में ड्यूटी पर तैनात करने के लिए न्यूनतम अवधि तय नहीं की गई है.

2. **राज्य पुलिस सेवा**- जी हाँ. जिला बल के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को नक्सलाइट प्रभावित इलाकों में ड्यूटी पर तैनात करने के लिए न्यूनतम अवधि तय की गई है, जो निम्नानुसार है :- सीधी भर्ती के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को नक्सलाइट प्रभावित इलाकों में ड्यूटी पर तैनात करने के लिए न्यूनतम अवधि प्रशिक्षण उपरांत प्रथम पदस्थापना में 05 वर्ष एवं पूर्ण सेवा काल में कम से कम 05 वर्ष तय की गई है. निरीक्षक पद से पदोन्नति पर राज्य पुलिस सेवा में आने वाले अधिकारियों को नक्सलाइट प्रभावित इलाकों में ड्यूटी पर तैनात करने के लिए न्यूनतम अवधि 03 वर्ष तय की गई है.

(ख) 1. **भारतीय पुलिस सेवा** - भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के लिए नक्सलाइट प्रभावित इलाकों में पदस्थापना की समयावधि निर्धारित नहीं है.

2. **राज्य पुलिस सेवा** - तय अवधि के तहत राज्य पुलिस सेवा के कुल उपलब्ध 268 अधिकारियों में से 159 अधिकारियों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ड्यूटी की है तथा 109 अधिकारियों ने नहीं की है.

अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध पंजीबद्ध प्रकरण

5. (*क्र. 595) **डॉ. चेतन वर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) उद्योग विभाग के कितने अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध राज्य आर्थिक अपराध शाखा एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में प्रकरण पंजीबद्ध है ? (ख) संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की वर्तमान में पदस्थापना कहां-कहां है ? क्या इनमें से किसी अधिकारी-कर्मचारी को प्रकरण दर्ज होने के बाद पदोन्नति दी गई है ? यदि हां, तो उनके नाम, पदनाम बतावें ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) उद्योग विभाग के 12 अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में प्रकरण में पंजीबद्ध है. (ख) संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की वर्तमान में पदस्थापना संबंधी जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. इन अधिकारियों/कर्मचारियों में से किसी अधिकारी/कर्मचारी को प्रकरण दर्ज होने के बाद पदोन्नति नहीं दी गई है.

नक्सली हमले में मृतकों के परिवारजनों को अनुकम्पा नियुक्ति

6. (*क्र. 1025) **श्री निर्मल सिन्हा :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नक्सली हिंसा में कितने पुलिस कर्मचारी एवं अन्य कर्मचारीगण 2006-07 से 7-2-08 तक मारे गये ? मृत लोगों के परिवार को बीमा, पेंशन एवं अनुकंपा नियुक्ति, कब-कब प्रदान की गयी ? (ख) कितने प्रकरण अनुकंपा नियुक्ति हेतु लंबित है ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) नक्सली हिंसा में कुल 143 पुलिस कर्मचारी शहीद हुए हैं. इसमें छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, नागा बटालियन एवं मिज़ो बटालियन के कर्मचारी शामिल हैं. इसके अतिरिक्त 30 एस. पी. ओ., 02 छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के तथा 01-स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मारे गये हैं, कुल 176 कर्मचारी शहीद हुए हैं. शहीदों के परिवारजनों को दी गई बीमा, पेंशन एवं अनुकंपा नियुक्ति की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ", "ब" एवं "स" में है. (ख) कुल 21 आवेदन पत्र अनुकंपा नियुक्ति हेतु लंबित है.

---

† परिशिष्ट "एक"

रेल्वे ओव्हर ब्रिज निर्माण हेतु भुगतान राशि

7. (*क्र. 76) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले के अंतर्गत निर्माणाधीन सिरगिट्टी, तिफरा, उसलापुर रेल्वे ओव्हर ब्रिज की एजेंसी/ठेकेदार का नाम, अनुबंध की राशि कार्यादेश तथा पूर्णता की तिथि क्या है ? (ख) वर्तमान में कार्य पूर्णता का प्रतिशत क्या है ? (ग) ठेकेदार/एजेंसी को कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) से (ग) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

प्रदेश की जेल तथा उप जेलों की क्षमता तथा निरुद्ध बंदी

8. (*क्र. 442) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कुल कितनी संख्या में उपजेल एवं जेल कहाँ-कहाँ स्थित है ? उनकी निर्धारित क्षमता कितनी-कितनी है एवं इसके विरुद्ध कितने-कितने कैदी 31 दिसंबर, 2007 तक की स्थिति में निरुद्ध है ? जिलेवार जेल, उपजेलवार जानकारी दें. (ख) जेलों में निरुद्ध कैदियों में कितने विचाराधीन और कितने सजायाफ्ता है ? (ग) वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में 31 दिसंबर, 2007 की स्थिति में किस-किस जेल से कितने-कितने कैदी फरार हुए एवं इनमें से कितनों को पकड़ा गया ? फरार कैदियों को पकड़ने हेतु क्या प्रयास किए गये ? उपजेल, जेलवार जानकारी दें.

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में कुल 12 उपजेल, 10 जिला जेल एवं 05 केन्द्रीय जेलें हैं जिनके स्थित होने संबंधी विवरण, जेलों की निर्धारित क्षमता तथा इसके विरुद्ध 31 दिसम्बर 2007 की स्थिति तक परिरुद्ध बंदी संख्या जेलवार जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" में अंकित है (ख) उपरोक्त निरुद्ध बंदियों में से 5886 विचाराधीन, 4525 सजायाफ्ता, 25 सिविल एवं 01 डिटेन्यू बंदी थे. (ग) वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में 31 दिसम्बर 2007 की स्थिति में विभिन्न जेलों से 326 कैदी फरार हुए, जिनमें से 70 कैदी अब तक पुन: पकड़े गये. फरार बंदियों को पकड़ने हेतु पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है. जेलवार जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब" में अंकित है.

गुमशुदगी/अपहरण के दर्ज प्रकरण

9. (*क्र. 221) **श्री नोबेल कुमार वर्मा :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 1 जनवरी, 2007 से 31 जनवरी, 2008 तक जांजगीर-चांपा, रायगढ़, जशपुर, सरगुजा, कोरबा जिले अन्तर्गत कितने नाबालिग बच्चों, लड़कियों की गुमशुदगी अथवा अपहरण के प्रकरण दर्ज किये गये हैं ? जिलेवार संख्या प्रदान करें. (ख) लापता बच्चों अथवा लड़कियों में से कितने को खोजने में सफलता प्राप्त हुई है ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

सलवा जुडूम आन्दोलन के राहत शिविरों में निवासरत आदिवासी परिवार

10. (*क्र. 1186) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सलवा जुडूम आन्दोलन के बाद कितने ग्रामों के आदिवासी परिवारों को उनके निवास ग्राम के अलावा अन्य शिविरों में ठहराया गया है ? (ख) उक्त शिविरों में कुल कितने आदिवासी परिवार के कितने सदस्य निवास कर रहे हैं ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) दन्तेवाड़ा जिले के 201 ग्राम एवं बीजापुर जिले के 275 ग्राम के आदिवासी परिवार 23 राहत शिविरों में निवासरत हैं. (ख) दन्तेवाड़ा जिले के 8258 आदिवासी परिवारों के 36991 सदस्य एवं बीजापुर जिले के 2846 आदिवासी परिवारों के 10949 सदस्य राहत शिविरों में निवास कर रहे हैं.

सीमेंट उद्योग लगाने हेतु निष्पादित एम. ओ. यू.

11. (*क्र. 1042) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जनवरी, 2004 से दिसम्बर, 07 तक सीमेंट सेक्टर में नये सीमेंट उद्योग लगाने हेतु कुल कितने एम. ओ. यू. किये गये ? निवेश राशि सहित निवेशक का नाम बतायें ? (ख) प्रश्नांक (क) में

† परिशिष्ट "दो"   †† परिशिष्ट "तीन"

उल्लेखित निवेशकों को कुल कितनी जमीन की आवश्यकता होगी, तथा कहां-कहां जमीन चिन्हित कर अधिग्रहित या खरीद ली गई है ? (ग) उपरोक्त निवेशकों में कितने के द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ कर लिया गया है, नाम बतावें ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) जनवरी, 2004 से दिसम्बर, 2007 तक सीमेंट सेक्टर में नये सीमेंट उद्योग लगाने हेतु 8 एम. ओ. यू. निष्पादित किए गए हैं. निवेश राशि तथा निवेशक का नाम † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) प्रश्नांक (क) में उल्लेखित 8 निवेशकों में से 6 निवेशकों द्वारा जमीन की आवश्यकता अभी तक सूचित नहीं की गई है, 2 निवेशकों द्वारा 486.223 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता सूचित की गई है. चिन्हित, अधिग्रहण हेतु प्रक्रियाधीन एवं खरीदी गयी भूमि की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है. (ग) उपरोक्त निवेशकों में से किसी के द्वारा निर्माण प्रारंभ नहीं किया गया है.

## भोरमदेव शक्कर कारखाने के निर्माण में हुई अनियमितता के जांच की कार्यवाही

12. (*क्र. 1134) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या भोरमदेव शक्कर कारखाने के निर्माण में हुई अनियमितता की जांच मुख्य तकनीकी परीक्षक द्वारा कराई गई थी ? अगर हां, तो जांच रिपोर्ट शासन को कब प्राप्त हुई तथा इस पर क्या कार्यवाही की गई है ? (ख) भोरमदेव शक्कर कारखाने की निर्धारित उत्पादन क्षमता कितनी है तथा वर्षवार कितना उत्पादन हो रहा है.

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हां. जांच रिपोर्ट 17-2-2005 को प्राप्त हुई. जांच निष्कर्ष के आधार पर कारखाना प्रबंधन को संबंधित दोषी ठेकेदारों एवं फर्मों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही हेतु लेख किया गया है, तथा संबंधित दोषी अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है. (ख) कारखाने की निर्धारित पेराई क्षमता 2500 टन प्रतिदिन है. वर्षवार शक्कर उत्पादन का विवरण निम्नानुसार है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 2002-03 | 34,900 क्विं. |
| 2. | 2003-04 | 1,72,745 क्विं. |
| 3. | 2004-05 | 1,04,690 क्विं. |
| 4. | 2005-06 | 1,78,761 क्विं. |
| 5. | 2006-07 | 2,34,661 क्विं. |
| 6. | 2007-08 (19-02-2008) | 2,02,150 क्विं. |

## पूर्व संसदीय सचिव की कार दुर्घटना की जांच रिपोर्ट

13. (*क्र. 1152) **श्री भूपेश बघेल :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007 में संसदीय सचिव, छत्तीसगढ़ शासन की कार दुर्घटना में कितने लोगों की मृत्यु हुई थी ? क्या राज्य शासन ने उक्त घटना की जांच करायी है ? यदि हां, तो जांच रिपोर्ट में क्या-क्या तथ्य पाए गए ? (ख) किन-किन मृतकों के परिवारजनों को राज्य शासन की ओर से क्या-क्या सुविधाएं/मुआवजा राशि दी गई ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2007 में दिनांक 24-8-07 को माननीय पूर्व संसदीय सचिव श्री महेश बघेल की कार दुर्घटना में श्री महेश बघेल एवं अन्य चार व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी, जिसकी जांच पुलिस द्वारा कराई गई है. जांच में वाहन चालक की लापरवाही से दुर्घटना घटित होना पाया गया है. (ख) राज्य शासन की ओर से कोई सहायता नहीं दी गई.

## बस्तर में प्रस्तावित टाटा स्टील प्लान्ट हेतु जमीन अधिग्रहण

14. (*क्र. 456) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर में प्रस्तावित टाटा स्टील प्लांट के लिए कितनी जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है ? मुआवजा का दर क्या-क्या है ? कुल कितनी मुआवजा राशि दी जानी है ? (ख) 31 दिसम्बर, 2007 तक की स्थिति में कितनी जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है तथा कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) बस्तर में प्रस्तावित टाटा स्टील प्लांट के लिए कुल 1764.61 हेक्टेयर निजी भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है. मुआवजा दर प्रति एकड़ निम्नानुसार है :-

---

† परिशिष्ट "चार"

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ- | असिंचित-बंजर जमीन | - | रुपये 1.00 लाख |
| ब- | एक फसलीय-असिंचित भूमि | - | रुपये 1.50 लाख |
| स - | द्विफसलीय -सिंचित भूमि | - | रुपये 2.00 लाख |

कुल मुआवजा राशि रुपये 69,41,77,947/- अनुमानित है. (ख) 31 दिसम्बर 2007 तक की स्थिति में 1414.18 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है तथा राशि रुपये 28,86,71,425/- का भुगतान किया जा चुका है.

प्रदेश की जेलों में पाए गए मोबाइल तथा अन्य प्रतिबंधित सामान

15. (*क्र. 1184) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में प्रदेश की जेलों में मोबाइल सहित अन्य प्रतिबंधित सामान पाए जाने के मामले सामने आये हैं ? यदि हां, तो किन-किन जेलों में ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : जी हां वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में प्रदेश की जेलों में मोबाइल सहित अन्य प्रतिबंधित सामान पाये जाने के मामले सामने आये है, जिन जेलों में मोबाइल एवं अन्य प्रतिबंधित सामान पाये गये हैं उनका विवरण † संलग्न परिशिष्ट में अंकित है.

रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को फोरलेन बनाने संबंधी

16. (*क्र. 1172) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सत्य है कि रायपुर-बिलासपुर के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग को फोरलेन सड़क बनाने का प्रस्ताव शासन के समक्ष विचाराधीन है ? यदि हां, तो इसमें 07 फरवरी, 2008 तक क्या-क्या प्रक्रिया पूरी कर ली गई है ? (ख) रायपुर-बिलासपुर फोरलेन सड़क की अनुमानित लागत कितनी है तथा निर्माण कब तक प्रारंभ कर दिया जायेगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) जी हां. भारत सरकार को सड़क डी-नोटीफाई करने अथवा एम. ओ. यू. के माध्यम से राज्य शासन को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव भारत शासन के पास विचाराधीन है. (ख) लागत तथा निर्माण तिथि बताना संभव नहीं है.

कुकमेरा से कवर्धा मार्ग पर वृक्षों की कटाई

17. (*क्र. 1163) **मोहम्मद अकबर :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) एशियन डेवलपमेंट बैंक के माध्यम से निर्मित कुकमेरा से कवर्धा मार्ग के अंतर्गत कुल कितने इमारती एवं गैर इमारती वृक्षों को ठेकेदार द्वारा किसकी अनुमति से काटा गया ? प्राप्त लकड़ी कितनी मात्रा में और कहां है ? बिना अनुमति कितने वृक्ष काटे गये ? (ख) अनुबंध की शर्तों के अनुसार एक पेड़ के स्थान पर कितने पेड़ लगाये जाने थे ? क्या इसका पालन हुआ ? यदि नहीं तो दोषी कौन-कौन है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) कलेक्टर की अनुमति से, इमारती निरंक , गैर इमारती 1454 वृक्षों को काटा गया है. सलिहा पड़ाव में 260 जलाउ चट्टा संग्रहित तथा कवर्धा काष्ठागार में 49.841 घनमीटर है. बिना अनुमति के कोई वृक्ष नहीं काटा गया है. (ख) दो पेड़ या यथासंभव तीन पेड़. पालन किया जाना है. कोई दोषी नहीं है.

दंतेवाड़ा जेल में जेल ब्रेक के दौरान फरार कैदियों के संबंध में

18. (*क्र. 920) **श्री उदय मुदलियार :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दंतेवाड़ा में दिसम्बर 2008 को जेल ब्रेक कर कितने कैदी फरार हुए ? फरार कैदियों में कितने नक्सली थे ? जेल ब्रेक की घटना के दिन कितने कैदी जेल में थे ? फरार कैदियों में कितने दंडित एवं कितने विचाराधीन कैदी थे ? (ख) दंतेवाड़ा जेल के लिए कुल कितने पद स्वीकृत हैं, कितने कार्यरत है ? पदवार जानकारी देवें ? (ग) कैदियों के जेल से फरार होने की घटना में कौन-कौन अधिकारी एवं कर्मचारी दोषी पाए गए ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला जेल दन्तेवाड़ा में दिनांक 16-12-2007 को जेल ब्रेक कर 299 बंदी फरार हुए. फरार बंदियों में 89 बंदी नक्सली मामलों से जुड़े थे. जेल ब्रेक की घटना के दिन 377 बंदी जेल में थे. फरार बंदियों में 01 दण्डित बंदी एवं 298 विचाराधीन बंदी थे.

† परिशिष्ट ''पांच''

(ख) दन्तेवाड़ा जेल के लिए कुल 49 पद स्वीकृत है जिनमें से 34 कार्यरत है. पदवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में अंकित है. (ग) जिला जेल दन्तेवाड़ा से दिनांक 16 दिसम्बर 2007 को जेल से बंदियों के फरार होने की घटना में दोषी पाये गये अधिकारी एवं कर्मचारी का विवरण † संलग्न प्रपत्र "ब" में अंकित है.

विकासखण्ड पोड़ी पोड़ा के मार्गों के चौड़ीकरण कार्य हेतु स्वीकृत राशि

19. (*क्र. 1166) **श्री रामदयाल उइके :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले के विकासखंड पोड़ी पोड़ा के कटघोरा, चोटिया, चिरमिरी मार्ग चौड़ीकरण कार्य की कितनी लंबाई की, कितनी राशि स्वीकृत की गई है ? कब तक निर्माण कार्य पूरा किया जावेगा ? (ख) क्या यह सत्य है कि मुरुम के स्थान पर मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) मार्ग की लम्बाई 31.60 कि. मी. है. प्रशासकीय स्वीकृति राशि 397.15 लाख है. निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है. (ख) जी नहीं.

कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखंड में स्वीकृत निर्माण कार्य

20. (*क्र. 1194) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत कसडोल एवं बिलाईगढ़ के अंतर्गत कौन-कौन से निर्माण कार्य की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में प्रदान की गई ? स्वीकृत कार्यों में से कितने एवं कौन-कौन से कार्य पूर्ण हो चुके हैं और कौन-कौन से कार्य अपूर्ण हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ", "ब" एवं "स" पर है.

अभनपुर चंडी-परसुलीडीह मार्ग निर्माण हेतु राशि का प्रावधान

21. (*क्र. 986) **श्री धनेन्द्र साहू :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले की अभनपुर-चंडी-परसुलीडीह मार्ग निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2007-08 के वार्षिक बजट में कितनी राशि का प्रावधान किया गया है ? (ख) प्रश्नांक "क" में वर्णित कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति कब एवं कितनी राशि की दी गई है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) बजट प्रावधान, रुपये 10.00 लाख है. (ख) प्रशासकीय स्वीकृति नहीं दी गई है.

राज्य शासन द्वारा रासायनिक खाद की खरीदी

22. (*क्र. 75) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007 में राज्य शासन द्वारा किस दर पर किस-किस संस्था से कुल कितनी मात्रा में कृषि उर्वरक तथा रासायनिक खाद खरीदी कर राज्य के सेवा सहकारी समितियों को पूर्ति की गई है ? (ख) क्या खाद कम्पनियों से निविदा मंगायी गई ? यदि हां, तो कितनी कम्पनियों द्वारा निविदा भरी गयी ? यदि नहीं, तो किस नियम के तहत खाद खरीदी गयी ? (ग) खरीदी के पूर्व क्या गुणवत्ता की जांच करायी गयी ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी नहीं. (ख) एवं (ग) प्रश्नांश "क" के उत्तर के संदर्भ में प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

खेरथा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत मार्गों के निर्माण हेतु जारी प्रशासकीय स्वीकृति

23. (*क्र. 941) **डॉ. बालमुकुंद देवांगन :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 के बजट में शामिल खेरथा विधान सभा क्षेत्र के कितने मार्गों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई एवं निर्माण कार्यों की भौतिक स्थिति क्या है ?

† परिशिष्ट "छ :"

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" अनुसार है.

<u>बजट में सम्मिलित कार्यों की स्थिति</u>

24. (*क्र. 396) **ताम्रध्वज साहू :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2005-06 एवं 2007-08 के बजट में पमधा विधान सभा क्षेत्र के कौन-कौन से कार्य पूर्ण हो चुके हैं, और कौन-कौन से कार्य अपूर्ण हैं, तथा क्यों ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है.

<u>पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में सड़कों के निर्माण कार्य की स्थिति</u>

25. (*क्र. 1187) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत पामगढ़ से जांजगीर व्हाया-कुटराबोड़, शिवरीनारायण से खड़ताल एवं शिवरीनारायण-केरा-नवागढ़ से जांजगीर मार्ग का निर्माण कब प्रारंभ हुआ ? निर्माण कार्य पूर्ण होने की नियत तिथि क्या है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : जानकारी परिशिष्ट †† संलग्न अनुसार है.

---

† परिशिष्ट "सात"

†† परिशिष्ट "आठ"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्र. 595) के भाग (ख) की जानकारी ]

**पदस्थापना संबंधी जानकारी**

| क्रमांक (1) | अधिकारी/कर्मचारी का नाम एवं पदनाम (2) | प्रकरण पंजीबद्धता कार्यालय का नाम (3) | वर्तमान पद एवं पदस्थापना स्थल (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री एम. के. पाण्डेय, अपर संचालक. | आर्थिक अपराध शाखा | सेवानिवृत्त |
| 2. | श्री पी. के. चक्रवर्ती, अपर संचालक. | आर्थिक अपराध शाखा | अपर संचालक, उद्योग संचालनालय, रायपुर. |
| 3. | श्री ए. सी. मिश्रा, संयुक्त संचालक. | आर्थिक अपराध शाखा | सेवानिवृत्त |
| 4. | श्री ए. एच. गोरे, महाप्रबंधक. | भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो | महाप्रबंधक, विशेष सहायक, माननीय मंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग. |
| 5. | श्री यू. डी. बघेल, महाप्रबंधक. | भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो | सेवानिवृत्त |
| 6. | श्री रमेश कुमार शर्मा, महाप्रबंधक. | भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो | महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा. |
| 7. | श्री के. एन. कुलश्रेष्ठ, महाप्रबंधक. | लोकायुक्त | प्रभारी संयुक्त संचालक, उद्योग संचालनालय, रायपुर |
| 8. | श्री नरेन्द्र कुमार तिवारी, सहायक संचालक. | आर्थिक अपराध शाखा | सहायक संचालक (प्रबंधक) जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, दुर्ग |
| 9. | श्री महादेव नेताम, प्रबंधक. | लोकायुक्त | प्रबंधक (निलंबित) |
| 10. | श्री मुकेश शर्मा, प्रबंधक. | लोकायुक्त | प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बालाघाट (म. प्र.) |
| 11. | श्री एल. के. साहू, सहायक प्रबंधक. | लोकायुक्त | सहायक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जशपुर. |
| 12. | श्री विनय मोहन तिवारी, सहायक प्रबंधक. | भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो | सहायक प्रबंधक (निलंबित) |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 7 (क्र. 76) के भाग (क), (ख) एवं (ग) की जानकारी ]

## रा. रा. एवं सेतु संभाग बिलासपुर के अंतर्गत निर्माणाधीन रेल्वे ओव्हर ब्रिज की जानकारी

| सरल क्र. | कार्य का नाम | एजेंसी/ठेकेदार का नाम | अनुबंधित राशि | कार्यादेश दिनांक | पूर्णता तिथि | पूर्णता का प्रतिशत | ठेकेदार/एजेंसी को किए गए भुगतान की राशि दिनांक 14-2-2008 तक | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| 1. | बिलासपुर-रायपुर रेल मार्ग के कि. मी. 723/9-11 दाधापारा (बिरगिट्टी) के पास रेल्वे ओव्हर ब्रिज का निर्माण. | मेसर्स सुन्दरानी कंस्ट्रक्शन कंपनी रायपुर अ-5 वर्ग ठेकेदार रायपुर. | 673.70 लाख (एकमुश्त) | 8-9-2005 | संभावित तिथि 5/2008 | 94.476 प्रतिशत | कुल राशि-692.83 लाख | - |
| 2. | राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 200 के कि. मी. 114/4 पर तिफरा रेल्वे ओव्हर ब्रिज का निर्माण. | मेसर्स गोवर्धनदास गोविन्दराम इंजीनियर्स एण्ड कान्ट्रेक्टर अ-5 वर्ग ठेकेदार रायपुर. | 849.86 लाख (एकमुश्त) | 20-12-2006 | संभावित तिथि 12/2008 | 25 प्रतिशत | रुपये 208.87 लाख का भुगतान किया गया. | - |
| 3. | बिलासपुर-कटनी रेल मार्ग के कि. मी. 726/1-2 उसलापुर के पास रेल्वे ओव्हर ब्रिज का निर्माण. | मेसर्स गोवर्धनदास गोविन्दराम इंजीनियर्स एण्ड कान्ट्रेक्टर अ-5 वर्ग ठेकेदार रायपुर. | 563.39 लाख (एकमुश्त) | 9-9-2005 | संभावित तिथि 5/2008 | 86.367 प्रतिशत | कुल रु. 518.08 लाख | - |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 8 (क्र. 442) के भाग (क) एवं (ग) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

| क्र. | जेल का नाम (जेलवार) | जेल में बंदी क्षमता | बंदियों की संख्या (31 दिसम्बर 2007 की स्थिति में) | जेल जहां-जहां स्थित है | जिला |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | केन्द्रीय जेल, रायपुर | 1130 | 2248 | रायपुर | रायपुर |
| 2. | केन्द्रीय जेल, जगदलपुर | 648 | 1341 | जगदलपुर | जगदलपुर |
| 3. | केन्द्रीय जेल, बिलासपुर | 628 | 1844 | बिलासपुर | बिलासपुर |
| 4. | केन्द्रीय जेल, अंबिकापुर | 543 | 1328 | अंबिकापुर | सरगुजा |
| 5. | केन्द्रीय जेल, दुर्ग | 396 | 828 | दुर्ग | दुर्ग |
| 6. | जिला जेल, रायगढ़ | 225 | 235 | रायगढ़ | रायगढ़ |
| 7. | जिला जेल, राजनांदगांव | 116 | 148 | राजनांदगांव | राजनांदगांव |
| 8. | जिला जेल, कोरबा | 110 | 171 | कोरबा | कोरबा |
| 9. | जिला जेल, बैकुण्ठपुर | 148 | 132 | बैकुण्ठपुर | कोरिया |
| 10. | जिला जेल, जशपुर | 190 | 246 | जशपुर | जशपुर |
| 11. | जिला जेल, कांकेर | 65 | 207 | कांकेर | कांकेर |
| 12. | जिला जेल, जांजगीर | 70 | 142 | जांजगीर | जांजगीर |
| 13. | जिला जेल, धमतरी | 50 | 146 | धमतरी | धमतरी |
| 14. | जिला जेल, महासमुन्द | 70 | 155 | महासमुन्द | महासमुन्द |
| 15. | जिला जेल, दन्तेवाड़ा | 250 | 117 | दन्तेवाड़ा | दन्तेवाड़ा |
| 16. | उप जेल पेण्ड्रारोड | 50 | 77 | पेण्ड्रारोड | बिलासपुर |
| 17. | उप जेल संजरीबालोद | 70 | 60 | संजरीबालोद | दुर्ग |
| 18. | उप जेल बलौदाबाजार | 70 | 189 | बलौदाबाजार | रायपुर |
| 19. | उप जेल डोंगरगढ़ | 70 | 49 | डोंगरगढ़ | राजनांदगांव |
| 20. | उप जेल गरियाबंद | 50 | 62 | गरियाबंद | रायपुर |
| 21. | उप जेल कटघोरा | 50 | 128 | कटघोरा | कोरबा |
| 22. | उप जेल मनेन्द्रगढ़ | 50 | 138 | मनेन्द्रगढ़ | कोरिया |
| 23. | उप जेल सूरजपुर | 70 | 194 | सूरजपुर | सरगुजा |
| 24. | उप जेल रामानुजगंज | 50 | 112 | रामानुजगंज | सरगुजा |
| 25. | उप जेल बेमेतरा | 50 | 140 | बेमेतरा | दुर्ग |
| | कुल योग | 5219 | 10437 | | |

प्रपत्र "ब"

| क्र. | जेल का नाम (जिलेवार जेल एवं उपजेलवार) | फरार बंदी संख्या | | | पुनः पकड़े गये बंदी संख्या | फरार बंदियों को पकड़ने के प्रयास |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | वर्ष 2005-06 | वर्ष 2006-07 | वर्ष 2007-08 | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | केन्द्रीय जेल, जगदलपुर | - | 01 | - | निरंक | फरार बंदियों को पकड़ने हेतु पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है. दिनांक 16-12-2007 को जेल ब्रेक के मामले में पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा के पत्र क्रमांक पु.अ./जि. वि. शा./दंते./व्ही. एस./02/2008 दिनांक 14-02-2008 के अनुसार फरार बंदियों को पकड़ने हेतु जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी (पुलिस)/थाना प्रभारियों को गिरफ्तारी हेतु फरार कैदियों के निवास स्थान, उनके रिश्तेदारों तथा उनके आने-जाने के संभावित स्थानों आदि पर सूक्ष्म निगाह रखते हुए मुखबिर लगाकर हर संभव प्रयास कर पतासाजी की जा रही है. |
| 2. | केन्द्रीय जेल, अंबिकापुर | - | - | 03 | निरंक | |
| 3. | केन्द्रीय जेल, दुर्ग | - | - | 01 | निरंक | |
| 4. | जिला जेल, बैकुण्ठपुर | - | - | 07 | 06 | |
| 5. | जिला जेल, दन्तेवाड़ा | - | - | 299 | 54 | |
| 6. | उप जेल, गरियाबंद | - | 06 | - | 04 | |
| 7. | उप जेल कटघोरा | - | - | 08 | 06 | |
| 8. | उप जेल मनेन्द्रगढ़ | - | 01 | - | निरंक | |
| | **कुल योग** | - | 08 | 318 | 70 | |

परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 1042) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**दि. 01-01-2004 से 31-12-2007 तक के सीमेंट प्लांट के एम. ओ. यू. (नये प्रस्ताव)**

| क्र. (1) | निवेशक का नाम (2) | प्रस्तावित निवेश (रुपये करोड़) (3) |
|---|---|---|
| 1. | मे. इमामी सीमेंट लिमि., कोलकाता | 1600.00 |
| 2. | मे. ए. सी. सी. लिमि., मुम्बई | 1400.00 |
| 3. | मे. ग्रासीम इण्डस्ट्रीज लिमि., नागदा | 1200.00 |
| 4. | मे. मोनेट इस्पात एण्ड इनर्जी लिमि., नई दिल्ली | 1400.00 |
| 5. | मे. जिन्दल स्टील एण्ड पावर लिमि. हिसार | 720.00 |
| 6. | मे. रूंगटा माईन्स लिमि., कोलकाता | 400.00 |
| 7. | मे. श्री सीमेंट लिमि. बेवर, अजमेर | 1000.00 |
| 8. | मे. इलेक्ट्रो स्टील कास्टिंग लिमि., उड़ीसा | 1150.00 |

प्रपत्र "ख"

(भूमि का रकबा हेक्टेयर में)

| क्र. | निवेशक इकाई का नाम | ग्राम का नाम | चिन्हित भूमि | चिन्हित भूमि में से अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित निजी भूमि | चिन्हित भूमि में से हस्तांतरण हेतु प्रस्तावित शासकीय भूमि | चिन्हित भूमि में से खरीदी गई भूमि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | मेसर्स इमामी सीमेन्ट लिमिटेड | 1. डनकनी | 170.77 | - | 38.786 | 27.900 | भूमि क्रय के संबंध में इकाई से प्राप्त जानकारी अनुसार. |
| | | 2. खैरवाहडीह | 49.948 | - | 11.703 | 0.720 | |
| | | 3. रिसदा | 184.60 | 62.310 | 109.400 | 11.600 | |
| | | 4. सेमराडीह | - | - | - | 1.940 | |
| | | **योग** | **405.318** | **62.310** | **159.889** | **42.160** | |
| 2. | मेसर्स जिन्दल स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड | 1. सरायपाली | 2.538 | 2.538 | - | 11.331 | भूमि क्रय के संबंध में जिल्हाउके-रायगढ़ से प्राप्त जानकारी अनुसार. |
| | | 2. कोसमपाली | 23.842 | 12.511 | - | - | |
| | | 3. बरमुडा | 54.525 | 47.091 | 0.959 | 6.475 | |
| | | **योग** | **80.905** | **62.140** | **0.959** | **17.806** | |

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्र. 1184) की जानकारी ]

| अनु. क्र. (1) | वर्ष (2) | जेल का नाम (3) |
|---|---|---|
| 1. | 2006-07 | 1. केन्द्रीय जेल, रायपुर<br>2. केन्द्रीय जेल, दुर्ग<br>3. केन्द्रीय जेल, जगदलपुर<br>4. केन्द्रीय जेल, बिलासपुर |
| 2. | 2007-08 | 1. केन्द्रीय जेल, रायपुर<br>2. केन्द्रीय जेल, बिलासपुर<br>3. केन्द्रीय जेल, अंबिकापुर<br>4. जिला जेल, जशपुर<br>5. उप जेल, सूरजपुर<br>6. जिला जेल रायगढ़<br>7. उप जेल कटघोरा |

परिशिष्ट "छ: "

[ तारांकित प्रश्न संख्या 18 (क्र. 920) के भाग (ख ) एवं (ग) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**जिला जेल दन्तेवाड़ा में स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की जानकारी**

| स. क्र. (1) | पदनाम (2) | स्वीकृत पद (3) | भरे पद (4) | रिक्त पद (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अधीक्षक जिला जेल | 01 | 0 | 01 |
| 2. | मेडिकल ऑफिसर पूर्णकालीन | 01 | 0 | 01 |
| 3. | पदेन अधीक्षक एवं चिकित्सा अधिकारी (अंशकालीन) | 01 | 01 | 0 |
| 4. | सहायक चिकित्सा अधिकारी | 01 | 01 | 0 |
| 5. | उप जेलर | 01 | 01 | 0 |
| 6. | सहायक जेलर | 02 | 01 | 01 |
| 7. | लेखापाल | 01 | 0 | 01 |
| 8. | शिक्षक | 01 | 0 | 01 |
| 9. | मुख्य प्रहरी | 03 | 03 | 0 |
| 10. | प्रहरी | 25 | 19 | 06 |
| 11. | कम्पाउण्डर (पूर्णकालीन) | 01 | 0 | 01 |
| 12. | डाटा एन्ट्री आपरेटर | 01 | 0 | 01 |
| 13. | वाहन चालक वरिष्ठ श्रेणी | 01 | 01 | 0 |
| 14. | वाहन चालक कनिष्ठ श्रेणी | 01 | 0 | 01 |
| 15. | स्वीपर | 02 | 02 | 0 |
| 16. | रिजर्व गार्ड्स मुख्य प्रहरी | 01 | 01 | 0 |
| 17. | रिजर्व गार्ड्स प्रहरी | 04 | 04 | 0 |
| 18. | भृत्य | 01 | 0 | 01 |
| | **योग** | **49** | **34** | 15 |

प्रपत्र "ब"

**जिला जेल दन्तेवाड़ा में दिनांक 16-12-2007 को बंदियों की फरारी की घटना में दोषी पाये गये अधिकारियों/कर्मचारियों की जानकारी :-**

| स. क्र. | अधिकारी/कर्मचारी का नाम व पदनाम | अधिकारियों/कर्मचारियों पर की गई कार्यवाही |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | श्री बी. एस. मानकर, उप जेलर | जेल मुख्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेश क्रमांक 123/स्थापना दिनांक 17-12-07 द्वारा निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित की गई है तथा थाना दंतेवाड़ा के अपराध क्रमांक 141/2007 धारा 147, 148, 149, 294, 506 बी, 307, 398, 224, 128, 129, 136 भा. द. वि. एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी दन्तेवाड़ा के आदेश पर दिनांक 18-12-2007 को जिला जेल दन्तेवाड़ा में न्यायिक अभिरक्षा में प्रविष्ट कराया गया जिसे दिनांक 27-12-2007 को केन्द्रीय जेल जगदलपुर स्थानांतरित किया गया है. वर्तमान में श्री बी. एस. मानकर केन्द्रीय जेल जगदलपुर में परिरुद्ध है. विभागीय जांच जारी है. |
| 2. | श्री आर. आर. राय, सहायक जेलर | जेल मुख्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेश क्रमांक 124/स्थापना दिनांक 17-12-2007 द्वारा निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित की गई है. विभागीय जांच जारी है. |
| 3. | श्री शंभुराम साहू, मुख्य प्रहरी | अधीक्षक केन्द्रीय जेल जगदलपुर के आदेश क्रमांक 119/स्थापना दिनांक 17-12-07 द्वारा निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित की गई है. विभागीय जांच जारी है. |
| 4. | श्री जयप्रकाश कन्नौजे, मुख्य प्रहरी | अधीक्षक केन्द्रीय जेल जगदलपुर के आदेश क्रमांक 120/स्थापना दिनांक 17-12-07 द्वारा निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित की गई है. विभागीय जांच जारी है. |
| 5. | श्री सुनील पुजारी, प्रहरी | अधीक्षक केन्द्रीय जेल जगदलपुर के आदेश क्रमांक 121/स्थापना दिनांक 17-12-07 द्वारा निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित की गई है. विभागीय जांच जारी है. |
| 6. | श्री राजकुमार सोरी, प्रहरी | अधीक्षक केन्द्रीय जेल जगदलपुर के आदेश क्रमांक 122/स्थापना दिनांक 17-12-07 द्वारा निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित की गई है. विभागीय जांच जारी है. |
| 7. | श्री पी. डी. वर्मा, जेल उप महानिरीक्षक, जेल मुख्यालय, रायपुर. | छत्तीसगढ़ शासन, गृह (जेल) विभाग के आदेश क्र. आर. 1918/जेल/2007 दिनांक 16-12-2007 द्वारा "पर्यवेक्षण की कमी" के कारण निलंबित किया गया था. विभागीय जांच जारी है. |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 23 (क्र. 941) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**वर्ष 2005-06 के बजट में शामिल खेरथा विधान सभा क्षेत्र के प्रशासकीय स्वीकृति की जानकारी**

| क्र. (1) | मार्ग का नाम एवं लंबाई (2) | कार्य की अद्यतन भौतिक प्रगति (3) |
|---|---|---|
| 1. | खड़गवाड़ा डोंगीटोला मार्ग का उन्नतिकरण/डामरीकरण पुल-पुलिया निर्माण सहित लं. 2.40 कि. मी. एवं 6 नग पुलिया निर्माण. | गिट्टीकरण = 2.20<br>डामरीकरण = 2.20<br>पुलिया = 5 नग |
| 2. | अण्डा भानपुरी मार्ग का उन्नतिकरण/डामरीकरण 9 नग पुल पुलिया निर्माण सहित लं. 5.90 कि. मी. | गिट्टीकरण = 4.50<br>डामरीकरण = 5.90<br>पुलिया = 10 नग |
| 3. | गब्दी खुरसुल मार्ग का निर्माण लं. 3.20 कि. मी. एवं 4 नग पुलिया निर्माण. | गिट्टीकरण = 3.20<br>पुलिया = 4 नग |
| 4. | मुड़ामुआ भीमकन्हार आदि स्थानों पर सड़क डामरीकरण कार्य लंबाई 14.40 कि. मी. | गिट्टीकरण = 14.40<br>डामरीकरण = 13.60<br>पुलिया = 30 नग |
| | **4 कार्य** | **गिट्टीकरण = 24.30**<br>**डामरीकरण = 21.70**<br>**पुलिया = 49 नग** |
| | **वर्ष 2006-07** | |
| 1. | आमटी आलवारस खाड़ा कटा भोधली सिरगा मार्ग लं. 9.80 कि. मी. 26 नग पुल पुलियों सहित. | निविदा स्तर |
| 2. | खड़गवाड़ा नारंगा गुरेदा मार्ग लं. 2.80 कि. मी. 10 नग पुल एवं पुलियों सहित. | मिट्टी कार्य प्रगति पर |
| 3. | भिलाई खुरसुल मामाभाट मार्ग लं. 8.40 कि. मी. का निर्माण | मुरूम सबबेस = 1.00 किमी<br>पुलिया = 5 नग पूर्ण. |
| 4. | उर्रा कुल्हाडीह खोचली मार्ग लं. 4.80 कि. मी. एवं 15 नग पुलिया निर्माण | गिट्टी एकत्रीकरण प्रगति पर<br>पुलिया = 4 नग प्रगति पर |
| 5. | रोवागहन से राघोनवागांव मार्ग लं. 3.70 कि. मी. पर गिट्टीकरण तथा डामरीकरण एवं 8 नग पुलिया निर्माण. | गिट्टीकरण = 3.70<br>पुलिया = 7 नग |
| 6. | रोवागहन गहिराम्बागांव मार्ग लं. 3.00 कि. मी. पर गिट्टीकरण तथा डामरीकरण. | पुलिया = 6 नग |
| | **6 कार्य** | **मुरूम सबबेस= 1.00 किमी**<br>**गिट्टीकरण= 3.70 किमी.**<br>**पुलिया = 18 नग पूर्ण**<br>**4 नग प्रगति पर** |

प्रपत्र "ब"

**वर्ष 2007-08 के बजट में शामिल खेरथा विधान सभा क्षेत्र के प्रशासकीय स्वीकृति की जानकारी**

| क्र. (1) | मार्ग का नाम एवं लंबाई (2) | कार्य की अद्यतन भौतिक प्रगति (3) |
|---|---|---|
| 1. | अण्डा राजंगिरी पाचआरा मार्ग मजबूतीकरण लं. 6.00 कि. मी. मजबूतीकरण | गिट्टीकरण = 5.60<br>डामरीकरण = 5.60<br>पुलिया = 8 नग पूर्ण<br>2 नग प्रगति पर |
| 2. | सोमनी अर्जुन्दा बालोद मार्ग कि. मी. 4/4 से 9/10 तक मजबूतीकरण व डामरीकरण का कार्य. | सामग्री एकत्रीकरण प्रगति पर |
| 3. | धरमी गुरेदा मार्ग का निर्माण 10 नग पुलिया कार्य सहित लं. 4.40 कि. मी. | मिट्टी कार्य = 3.00<br>मुरूम सबबेस = 2.00 |
| 4. | सिंगारपुर झिटिया मार्ग पर गिट्टीकरण तथा नया डामरीकरण पुल-पुलिया सहित लं. 2.60 कि. मी. | पुलिया 3 नग प्रगति पर |
| 5. | भीमकन्हार कोचेरा मार्ग में गिट्टीकरण नया डामरीकरण एवं पुल-पुलियों का निर्माण लं. 3.20 कि. मी. | मुरूम सबबेस = 3.20<br>पुलिया = 3 नग पूर्ण<br>4 नग प्रगति पर |
| 6. | पसौद सुरेगांव अर्जुन्दा 8.00 कि.मी. मार्ग पर 11 नग पुल-पुलिया निर्माण | डामरीकरण = 3.40<br>पुलिया 2 नग पूर्ण |
| 7. | बिजेभाठ सुरेगांव मार्ग लं. 7.80 कि. मी. का गिट्टी नवीनीकरण डामरीकरण व 3 नग पुलिया निर्माण का कार्य. | गिट्टी एकत्रीकरण प्रगति पर |
| 8. | मारी रीवागहन गणेशखपरी मासाभाठ मार्ग लं. 680 कि. मी. | मुरूम एकत्रीकरण प्रगति पर<br>पुलिया 2 नग प्रगति पर |
| 9. | सुरेगांव गोडमर्रा मार्ग लं. 5.00 कि. मी. | निविदा स्तर |
| | **9 कार्य** | **मिट्टी कार्य = 3.00 कि.मी.**<br>**मुरूम सबबेस = 5.20 किमी.**<br>**गिट्टीकरण= 5.60 किमी.**<br>**डामरीकरण = 9.00 किमी.**<br>**पुलिया = 13 नग पूर्ण**<br>**11 नग प्रगति पर** |

## परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 25 (क्र. 1187) की जानकारी ]

| क्र. (1) | कार्य का नाम (2) | कार्यादेश दिनांक (3) | अनुबंधानुसार कार्य पूर्ण करने की तिथि (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | पामगढ़ से जांजगीर व्हाया कुटराबोड़ मार्ग लंबाई 21.00 कि. मी. | 23-12-05 | 22-07-07 |
| 2. | शिवरीनारायण-खरताल मार्ग लंबाई 12.00 कि. मी. | 9-12-05 | 31-12-07 (समय वृद्धि सहित) |
| 3. | शिवरीनारायण-केरा मार्ग लंबाई 12.60 कि. मी. | 7-2-05 | 6-2-07 |
| 4. | जांजगीर-चांपा-नवागढ़ केरा मार्ग लंबाई 36.60 कि. मी. | 26-6-06 | 25-4-09 |